भारत सरकार
कोयला मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1642
जिसका उत्तर 10 दिसंबर, 2025 को दिया जाना है

सीएलएएमपी पोर्टल की विशेषताएं

1642. श्री जय प्रकाशः
श्री बिद्युत बरन महतोः
श्री मनोज तिवारीः
श्री प्रदीप कुमार सिंहः
श्री भर्तृहरि महताबः
श्री योगेन्द्र चांदोलियाः
श्री कोटा श्रीनिवास पूजारीः
श्री बसवराज बोम्मईः
श्री विजय कुमार दूबेः
श्री दिनेशभाई मकवाणाः
श्रीमती कमलेश जांगड़ेः
श्री मुकेशकुमार चंद्रकांत दलालः
श्री शिवमंगल सिंह तोमरः
श्री जनार्दन मिश्राः
श्री बिभु प्रसाद तराईः

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने कोयला भूमि अधिग्रहण, प्रबंधन और भुगतान (सीएलएएमपी) पोर्टल और कोयला शक्ति डिजिटल प्लेटफॉर्म आरम्भ किए हैं;

(ख) यदि हाँ, तो इसके उद्देश्यों और प्रमुख विशेषताओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) सीएलएएमपी पोर्टल से देश में कोयला क्षेत्र को किस प्रकार सुव्यवस्थित किए जाने और बढ़ावा दिए जाने की उम्मीद है;

(घ) कोयला शक्ति डैशबोर्ड में किस प्रकार के डेटा और परिचालन मानदंड एकीकृत किए गए हैं;

(ङ) क्या ये प्लेटफॉर्म कोयला कंपनियों, रेलवे, पत्तनों और विभिन्न अन्य एजेंसियों के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या सीएलएएमपी पोर्टल के कार्यकरण के संबंध में कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**कोयला एवं खान मंत्री**

**(श्री जी. किशन रेड्डी)**

**(क) और (ख) :** कोयला भूमि अधिग्रहण और प्रबंधन पोर्टल (सीएलएएमपी) कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन और विकास) अधिनियम, 1957 के तहत भूमि अधिग्रहण के लिए कोयला मंत्रालय द्वारा बनाया गया एक डिजिटल, एकीकृत मंच है। यह सीबीए अधिनियम के तहत अधिग्रहित की जा रही भूमि के संबंध में भूमि रिकॉर्ड के लिए डिजिटल रूप में एक केंद्रीय भंडार के रूप में कार्य करता है और नागरिक-केंद्रित अभिशासन में योगदान देता है। प्रभावित व्यक्ति अपलोड की गई सूचना को सत्यापित कर सकते हैं, अपने दावों की स्थिति की जांच कर सकते हैं या देख सकते हैं कि उनकी शिकायत का निपटान कैसे किया जा रहा है।

कोयला शक्ति डैशबोर्ड कोयला उत्पादन, लॉजिस्टिक्स और खपत में वास्तविक समय की जानकारी प्रदान करने के लिए एक केंद्रीकृत मंच है। इस पोर्टल की प्रमुख विशेषताएं हैं: कोयला आपूर्ति श्रृंखला में बेहतर दृश्यता, कोयला लॉजिस्टिक्स की प्रभावी निगरानी, निर्णय लेने के लिए योजना और कार्रवाई, तीव्र समाधान के लिए बाधाओं और विलंब की पहचान करना और प्रणालियों के बीच एकीकरण को सक्षम करना।

**(ग)** : सीएलएएमपी को कोयला खनन और सहायक कार्यकलापों के लिए भूमि अधिग्रहण की संपूर्ण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और डिजिटल बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें आवेदन प्रस्तुत करने, भूमि विवरण अपलोड करने, आवेदन की प्रक्रिया और अनुमोदन; अधिग्रहण प्रगति जैसे अधिसूचनाएं, कब्जा और मुआवजा आदि; भूस्वामियों को मुआवजे के भुगतान की निगरानी और ट्रैकिंग, और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और पुनर्स्थापन (आरएंडआर) की निगरानी पर नज़र रखना शामिल है।

**(घ)** : कोयला शक्ति डैशबोर्ड में कोयला सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और निजी खानों, रेलवे, बंदरगाहों, विद्युत संयंत्रों (सीईए), सीमा शुल्क, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (वाहन, फास्टैग) और राज्य सरकारों (ई-खनिज पोर्टल) से कोयला उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला का एकीकृत डेटा है। कोयला शक्ति डैशबोर्ड वास्तविक समय कोयला उत्पादन, प्रेषण, माइन-एंड स्टॉक, रेक आवंटन और लोडिंग निष्पादन, रेल आवाजाही की स्थिति, पोर्ट स्टॉक और पोत शेड्यूल, और विद्युत संयंत्र कोयले की खपत तथा महत्वपूर्ण भंडार स्तर जैसे प्रमुख प्रचालन मापदंडों को एकीकृत करता है। ये डेटासेट समन्वित निर्णय लेने के लिए कोयला आपूर्ति श्रृंखला का शुरू से अंत तक दृश्य प्रदान करते हैं।

**(ङ)** : कोयला भूमि अधिग्रहण और प्रबंधन पोर्टल (सीएलएएमपी) को कोयला कंपनियों और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को बढ़ाने और डेटा एकीकरण तथा निगरानी प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है ताकि बेहतर पारदर्शिता और जवाबदेही में योगदान दिया जा सके और विलंब को कम किया जा सके।
कोयला शक्ति डैशबोर्ड को कोयला कंपनियों, रेलवे, बंदरगाहों और विद्युत उपयोगिताओं के बीच वास्तविक समय समन्वय बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह एकल डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उत्पादन, प्रेषण, रेक मूवमेंट और स्टॉक डेटा को एकीकृत करता है, जिससे एजेंसियों के बीच तीव्र और अधिक कुशल निर्णय लेने में मदद मिलती है।

**(च)** : सीएलएएमपी पोर्टल के कार्यकरण के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

*****